भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4800

दिनांक 23 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

एनपीपीए की शिकायतें

4800. श्री के. शनमुगा सुंदरम:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने बिना किसी मंजूरी के औषध कंपनियों द्वारा नई दवाओं को शुरू करने के संबंध में कोई सूचना/शिकायत प्राप्त की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एनपीपीए की मंजूरी के बिना बाजार में लायी गई दवाओं की संख्या क्या है और कंपनियों के नामों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत इन कंपनियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करेगा; और

(ङ) एनपीपीए किसी प्रकार नई दवाओं की पहचान करेगा जब नई दवाओं के घटक आवश्यक दवाओं (एनएलईएम) की राष्ट्रीय सूची के अंतर्गत एक दवा सूची में हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी सदानंद गौड़ा)

(क), (ख) एवं (ग): जी, हां। राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के पूर्व अनुमोदन के बिना बाजार में शुरू की गई 22 औषधियों की सूची, इन औषधियों को शुरू करने वाली कंपनियों के नाम, जहां एनपीपीए द्वारा मांग नोटिस जारी किए गए हैं, **अनुलग्नक** पर दी गई है।

(घ): राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) औषध (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 (डीपीसीओ) के प्रावधानों के अनुसार ऐसी कम्पनियों जिनको आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत जारी किया गया है, के विरुद्ध नियमित रूप से कार्रवाई करता है। एनपीपीए ने अभी तक चूककर्ता कम्पनियों के विरुद्ध कुल 101 करोड़ रुपए की धनराशि के लिए मांग नोटिस जारी किए हैं। इसमें से, 5.56 करोड़ रुपए की धनराशि वसूल की गई है और 89.31 करोड़ रूपए की धनराशि मुकदमेबाजी के अधीन है।

(ङ): एनपीपीए द्वारा संदर्भित किए गए बाजार आधारित आंकड़ों से नई औषधों के मामलों को अभिनिर्धारित किया जाता है। इसके अलावा नए औषध मामलों को शिकायत अथवा अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचना के माध्यम से भी अभिनिर्धारित किया जाता है।

<u>अनुलग्नक</u>

राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के पूर्व अनुमोदन के बिना बाजार में शुरू की गई औषधियों की सूची, जहां एनपीपीए द्वारा मांग नोटिस जारी किए गए हैं:

क्र.सं.	कंपनी का नाम	औषध का नाम
1	एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	रेसक्यू 75/50 मिलीग्राम
2	एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	ट्रिवोगो टैबलेट
3	बायोकॉन लिमिटेड	ब्लिस्टो ट्रायो 0.2 / 500/2 मि.ग्रा
4	बायोकॉन लिमिटेड	ब्लिस्टो ट्रायो 0.2 / 500/1 मिलीग्राम
5	बाहरिनगेरइंगेलहियम इंडिया प्रा. लिमिटेड और केमवेल बायोफार्मा प्रा. लिमिटेड	बसकोगेस्ट प्लस टैबलेट
6	सिप्ला लिमिटेड	हेपवेल गोलियाँ
7	डॉ. रेड्डी, एस लेबोरेटरीज लिमिटेड	रिसोफ कुल 400/100 mg
8	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइलेक्स एमवी 80.3
9	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइब्लेक्स एम 30
10	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइब्लेक्स एम 60
11	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइब्लेक्स एमवी 80.2
12	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइब्लेक्स एम 80
13	एरिस लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड	साइब्लेक्स एम 40
14	हेटेरो हेल्थकेयर लिमिटेड	वेलसोफ टैबलेट
15	हेटेरो हेल्थकेयर लिमिटेड / कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड	सोविप वी गोलियाँ
16	इप्का लेबोरेटरीज लिमिटेड	पैसीमोल एक्टिव
17	ल्यूपिन लिमिटेड	ग्लूकोनॉर्मम वीजी प्लस -1
18	ल्यूपिन लिमिटेड	ग्लूकोनॉर्मम वीजी प्लस -2
19	सनोफी इंडिया लिमिटेड	अमरिल एमवी 0.2 मिलीग्राम / 500/1 मिलीग्राम
20	सनोफी इंडिया लिमिटेड	अमरिल एमवी 0.2 मिलीग्राम / 500/1 मिलीग्राम 15 टैब
21	यूनीकेम लेबोरेट्रीज प्रा.लि.	ट्रिटेलसर -80 + 5 सिमिलर फॉर्मूलेशन
22	वॉकहार्ट लिइटेड और मेडिबियस लेबोरेटरीज लिमिटेड	अल्फडोपा 500एमजी टैब

*****